# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

कमांक 5211 / 06 /2015/चयन इन्दौर दिनांक 28 JUN 2017

**//विज्ञप्ति//**

**अधीक्षक आयुर्वेद चिकित्सालय पद हेतु साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना ।**

आयोग के विज्ञापन कमांक 02/चयन/2015/दिनांक 31.03.2015 के अन्तर्गत आयुष विभाग के तहत अधीक्षक आयुर्वेद चिकित्सालय के कुल–02 पद (अनारक्षित–01, अनुसूचित जनजाति–01) विज्ञापित किए गए हैं ।

2/ अधीक्षक आयुर्वेद चिकित्सालय पद के साक्षात्कार दिनांक 10 जुलाई 2017 को आयोजित किए जाना निर्धारित किए गए हैं ।

3/ योग्य आवेदकों को साक्षात्कार पत्र ऑनलाईन आवेदन पत्र में अंकित ई–मेल एड्रेस पर दिनांक 27.06.2017 को प्रेषित किए गए हैं । आवेदकों की सुविधा की दृष्टि से साक्षात्कार पत्र आयोग की बेबसाईट www.mppsc.nic एवं www.mppsc.com पर भी दिनांक 28.06.2017 से उपलब्ध हैं । आवेदक अपना आवेदन कमांक एवं जन्मतिथि की प्रविष्टि कर साक्षात्कार की प्रति प्राप्त कर सकते हैं । साक्षात्कार दिवस को प्रातः 09.30 बजे आयोग कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य हैं ।

4/ साक्षात्कार दिवस पूर्व आवेदक आयोग की बेबसाइट से व्यक्तिगत विवरण पत्रक, अनुप्रमाणन फार्म, एवं उपस्थिति पत्रक की प्रति डाउनलोड करके उसकी आवश्यक पूर्ति कर साक्षात्कार दिवस को प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं, व्यक्तिगत विवरण पत्रक 01 मूल प्रति एवं उसकी 05 छायाप्रतियां, अनुप्रमाणन फार्म 03 मूल प्रति में एवं उपस्थिति पत्रक 01 मूल प्रति में उसकी आवश्यक पूर्ति कर प्रस्तुत करें । साथ ही समस्त मूल अभिलेखों के साथ उनकी एक एक प्रमाणित प्रतियां भी साथ लाना अनिवार्य हैं । पहचान प्रमाण पत्र हेतु आधारकार्ड की मूल प्रति एवं उसकी छायाप्रति प्रस्तुत करें । उक्त वांछित अभिलेखों के अभाव में आवेदक को साक्षात्कार की प्रकिया में सम्मिलित नहीं किया जावेगा ।

अनुभाग अधिकारी